(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या लंबे समय से निदेशक, आयात/निर्यात तथा अन्य प्रबंधक अपने दायित्व ठीक प्रकार से नहीं निभा रहे हैं; और

(घ) सरकार तथा सतर्कता विभाग ने उक्त अधिकारियों के विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्यवाही की है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) भारतीय राज्य व्यापार निगम ने सूचना दी है कि निगम का ऐसा कोई मामला नहीं है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Negative Growth of Exports

2972. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether exports which had been registering a negative growth, month to month during 1998 showed a positive growth in January and February 1999;

(b) if so, how much;

(c) the details of export growth month to month during the fiscal year 1998-99; and

(d) how far the trade deficit has widened during 1998-99 as compared to that in 1997-98?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEDGE): (a) to (c) According to the latest available data from the Directorate General of Commercial Intelligence & Statistics (DGCI&S) the export growth on month to month basis for April 1998 to February 1999 in US $ terms over the corresponding month of the previous year after taking into account late returns are as under:

Month	% age growth rate
April	8.25
May	-10.55
June	-9.04
July	9.34
August	9.87
September	-2.93
October	-4.51
November	4.52
December	7.33
January	2.67
February	4.36

(d) The trade deficit during April-February 1998-99 is estimated at US $ 8176.10 million which is higher than the deficit at US $ 5778.41 million during April-February 1997-98.

विदेशी पूंजी निवेश

2973. **श्री राज मोहिन्दर सिंह:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों से वास्तविक विदेशी पूंजी निवेश में इस प्रयोजनार्थ स्वीकृत प्रस्तावों की तुलना में लगातार गिरावट आ रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि वर्ष 1991 में कुल स्वीकृत प्रस्तावों में से 66 प्रतिशत पूंजी-निवेश हुआ था जो वर्ष 1997 में घटकर 30 प्रतिशत हो गया था; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं तथा इस ह्रास के क्या कारण हैं?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): ((क) से (ग) महोदय, 1991 में 351.43 करोड़ रुपये के अंतःप्रवाहों की शुरूआत से 1998 में यह बढ़कर 13269.21 करोड़ रुपया हो गया है। वर्ष 1991 से 1998 की अवधि में अनुमोदित कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, 47168.17 करोड़ रुपये के एफ०डी०आई० अंतःप्रवाह के मुकाबले में, 161981.70 करोड़ रुपया है। इससे यह परिलक्षित होता है कि अनुमोदित एफ०डी०आई० की तुलना में वसूली दर 29.1% है। अंतःप्रवाह बनाम अनुमोदन दर 1997 में 25.8% के मुकाबले में 1998 में 48.1% थी।